# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि : देश की एकता और अखंडता के लिए उनके आदर्शों पर चलने का किया आह्वान।
2. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने काशी विश्वनाथ में किए दर्शन : कहा– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दोनों राज्यों के बीच रिश्ते को मिल रहा है नया आयाम।
3. राम मंदिर आंदोलन के सूत्रधार और पूर्व सांसद राम विलास वेदांती का निधन : संत समाज और जनमानस में शोक की लहर।

और

4. प्रदेश के कई जिलों में घने कोहरे के कारण आम जनजीवन हुआ प्रभावित : नोएडा में 15 फरवरी तक लागू की गई नई स्पीड लिमिट्स।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर आज हजरतगंज स्थित पटेल पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी का नाम आते ही हर एक भारतवासी के मन में श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता का भाव अपने आप जागृत हो जाता है। राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा।

बाइट...

*भारत के अंदर की उन सभी रियासतों को जिनकी संख्या देश के अंदर उस समय 567 थी। इन 567 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाकर के वर्तमान भारत का जो स्वरूप है अगर सही मायने में कहें तो इस वर्तमान स्वरूप के शिल्पी के रूप में यह भारत सदैव लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का स्मरण करेगा।*

——————————

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज जौनपुर में प्रदेश के राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव के पिता की 13वीं कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए श्री मोहन यादव ने कहा कि मौजूदा सरकारों की नीतियों के तहत उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के रिश्तों को नया आयाम मिल रहा है। बाइट...

*उत्तर प्रदेश का संबंध भगवान कृष्ण और राम के भजन माने से हमारा यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह संबंध और स्वभाव बने रहे।*

इससे पहले श्री यादव ने वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन भी किया।

———————————

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि सरकार हवाई किरायों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए टैरिफ निगरानी इकाई को और मजबूत करेगी। राज्यसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान श्री नायडू ने बताया कि घरेलू मार्गों के साथ अब अंतर्राष्ट्रीय मार्गों के किराये की भी निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि किरायों में बढोतरी पर सभी जरूरी कदम उठाये जा रहे हैं।

———————————

अयोध्या में टाटा समूह का नमो कैंसर फाउंडेशन एक आधुनिक कैंसर चिकित्सालय हब स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। इस सिलसिले में टाटा समूह के छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने अयोध्या पहुंचकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और संभावनायें परखीं। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि ट्रस्ट इस सिलसिले में नमो फाउंडेशन की मदद करेगा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण के साथ–साथ श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार की सुविधायें उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। श्री मिश्र ने कहा कि कैंसर अस्पताल हब बनाने के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी है। बाइट...

*सूर्यकुंड के पास उसका जो नामकरण समझे या क्लासिकेशन वर्गीकरण जो है वह कृषि भूमि है तो सरकार से भी इसके बारे में प्रयास करना होगा कि क्या*

*हम उसको इस सुविधा के लिए उसका नामांतरण बदल सकते हैं या इस्तेमाल उपयोग बदल सकते हैं।*

———————

**प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–एसआईआर का क्रम जारी है। राज्य के सभी जिलों में एसआईआर अभियान को पूरा करने के लिये बीएलओ, बीएलए और राजनीतिक दल के एजेंट्स सक्रियता के साथ काम कर रहे हैं। इस सिलसिले में अमरोहा में 17 दिसंबर को सभी बूथ लेवल अधिकारियों, राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त एजेंट्स के साथ बैठक आहूत की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा है कि शुद्ध मतदाता सूची तैयार कराना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग का आह्वान किया है। बाइट....**

*आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद अमरोहा में एसआईआर का जो पब्लिकेशन होगा उसकी डेट 26 दिसंबर तक एक्सटेंड कर दी गई है। कोई भी व्यक्ति अभी भी अगर छूटा हो अपना फॉर्म नहीं जमा कर आया हो तत्काल अपने बीएलओ से संपर्क करें और फॉर्म जो है वह हार्ड कॉपी में भी दे सकता है या ऑनलाइन माध्यम से भी वह जमा कर सकता है। एक बैठक 17 तारीख को आयोजित की जाएगी जिसमें बीएलए भी अपना फीडबैक दे सकता है और अगर कोई भी व्यक्ति छूटा हुआ है और उसका फॉर्म भरा नहीं है उस फॉर्म को भी वह बीएलओ को उपलब्ध करा सकते हैं।*

———————

**काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत तमिलनाडु का आध्यात्मिक समूह आज बनारस पहुंचा। इस दौरान दल के सदस्यों ने पवित्र गंगा में स्नान कर हनुमान**

घाट स्थित प्राचीन मंदिरों में दर्शन पूजन किया। दल को प्राचीन मंदिरों के इतिहास के बारे में जानकारी दी गई, बाद में यह समूह सुब्रमण्यम भारती के घर गया जहां उनके परिजनों से मुलाकात की और पुस्तकालय भी देखा। कांची मठ के भ्रमण के दौरान दक्षिण भारत मंदिर को देखकर यह दल खासा उत्साहित दिखा। काशी–तमिल संस्कृति का जिक्र करते हुए आध्यात्मिक समूह ने कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार होने चाहिए ताकि एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

राम मंदिर आंदोलन के सूत्रधार और पूर्व सांसद डॉक्टर राम विलास दास वेदांती का आज मध्य प्रदेश के रींवा में निधन हो गया। डॉक्टर वेदांती के निधन से संत समाज और आम–जनमानस में शोक की लहर है। डॉक्टर वेदांती का पार्थिव शरीर अयोध्या लाया जा रहा है जहां

उनका अंतिम संस्कार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वेदांती के निधन पर शोक जताते हुए कहा है कि डॉ. वेदांती का निधन आध्यात्मिक जगत और सनातन संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने डॉक्टर वेदांती के निधन पर दुख जताते हुए उन्हें धार्मिक और राजनीतिक जीवन में शुचिता का प्रतीक बताया है।

बाइट....

*वेदांती जी का पूरा जीवन सनातन संस्कृति को समर्पित रहा है। उन्होंने देश और प्रदेश की सेवा भी की है। लोकसभा में लंबे समय तक रहे हैं। सुचिता पारदर्शिता पूर्ण जनसेवा उनका ध्येय था और उन्होंने हमेशा जमीन से जुड़कर के गरीबों की मदद के लिए हमेशा वह खड़े रहे। मैं उनके दुखी परिजनों को दुख की घड़ी में हम सब लोग उनके साथ हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।*

——————————

केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने निजी हज यात्रियां को सलाह दी है कि वे 2026 में निजी तौर पर हज पर जाने के लिये जल्द आवेदन करें और सिर्फ अधिकृत हज समूह आयोजकों का ही चयन करें। मंत्रालय ने सऊदी अरब के हज और उमरह मंत्रालय द्वारा हज–2026 के संबंध में जारी परामर्श के मद्देनजर लोगों को निर्देश दिया है कि अगले महीने की 15 तारीख या उससे पहले अपनी बुकिंग संबंधी औपचारिकताएं जरूर पूरी कर लें।

——————————

उत्तर प्रदेश ईको–टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड ने लखीमपुर खीरी के शारदा बैराज को प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में

विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बोर्ड इस परियोजना के लिए एजेंसी चयन प्रक्रिया जल्द शुरू करेगा। श्री सिंह ने बताया कि चयनित एजेंसी सुविधाओं की योजना, डिजाइनिंग, निर्माण, वित्त पोषण और संचालन से संबंधित सभी कार्यों की जिम्मेदारी संभालेगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड का उद्देश्य शारदा बैराज को एक बिल्कुल नए एकोमोडेशन एंड वेलनेस टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में पेश करना है।

——————————

प्रदेश के कई जिलों में आज कोहरे की वजह से आम जन–जीवन प्रभावित रहा। बदायूं, हापुड़ और गौतमबुद्ध नगर में सुबह घने कोहरे तथा कम दृश्यता की वजह से राष्ट्रीय राजमार्ग और कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की रफ्तार बहुत धीमी रही। वहीं हापुड़ में दिल्ली–मुरादाबाद हाइवे पर घने कोहरे की वजह से कई वाहन आपस में टकरा गये जिससे कई लोग घायल हो गये हैं। गौतमबुद्ध नगर में सुबह घने कोहरे के मद्‌देनज़र यातायात पुलिस ने 15 फरवरी तक नई स्पीड लिमिट्स लागू कर दी हैं।

——————————

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रहे टी–20 मैचों की सीरीज का चौथा मैच बुधवार को लखनऊ में खेला जाएगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन–यूपीसीए से

मिली जानकारी के अनुसार इस मुकाबले के लिए दोनों टीमें आज पहुंच गई हैं कल दोनों टीमें मुकाबले के लिये पूर्वाभ्यास करेंगी।

——————————